Title: Need to ensure remunerative price to onion and potato growers for their produce.

श्री थॉवर चन्द गेहलोत (शाजापुर)ः अध्यक्ष महोद्य, देश में पिछले छः माह से आलू और प्याज के उचित दाम किसानों को नहीं मिल रहे हैं। किसान विशोकर मध्य प्रदेश, महाराट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के किसान उचित भाव नहीं मिलने से घाटे की स्थिति में आ गये है। किसानों ने सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया। सरकार ने प्याज निर्यात का निर्णय लिया किन्तु किसानों को राहत नहीं मिली है। किसानों का भारी शोाण हो रहा है।

अतः मै सरकार से मांग करता हूं कि किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने हेतु सरकार कारगर कदम उठाये।